GOVT. COLLEGE KHERTHA, DISTT.- BALOD, CHHATTISGARH, INDIA
शासकीय महाविद्यालय खेरथा, जिला- बालोद, छत्तीसगढ़, भारत
NAAC ACCREDITATED INSTITUTE ("B" Grade, CGPA 2.36)
Affiliated to Hemchand Yadav Vishwavidyalaya, Durg
An ISO 21001 : 2018 Certified Institution

# न्यूजलेटर

जुलाई–सितम्बर 2025 त्रैमासिक

संपादकः ग्रंथालय विभाग
अतिथि ग्रंथपाल, रणजीत कुमार
Volume 01, Issue 01
2025
प्रकाशन तिथिः 27/09/2025

## प्राचार्य संदेश

मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि शासकीय महाविद्यालय, खेरथा की स्थापना 2008 में हुई थी। यहाँ कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के साथ–साथ एनएसएस, यूथ रेड क्रॉस, खेलकूद, ग्रंथालय व कैरियर मार्गदर्शन जैसी गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। समर्पित व कुशल स्टॉफ तथा आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह संस्थान छात्रों को आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। मैं आप सभी को इस शिक्षायात्रा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करता हूँ और आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

डॉ. यासर कुरैशी,
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय, खेरथा



## न्यूजलेटर के संबंध में संदेश

हमें यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि शासकीय महाविद्यालय, खेरथा द्वारा त्रैमासिक न्यूजलेटर Volume 01, Issue 01 (जुलाई – सितम्बर 2025) का प्रकाशन किया जा रहा है। यह न्यूजलेटर महाविद्यालय गतिविधियों को साझा करने का एक सराहनीय प्रयास है। इस न्यूजलेटर का संपादन एवं संयोजन ग्रंथालय विभाग के अतिथि ग्रंथपाल श्री रणजीत कुमार द्वारा किया गया है। इस पहल का उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समस्त स्टॉफ के रचनात्मक प्रयासों को एक मंच प्रदान करना है।

हमें आशा है कि यह न्यूजलेटर न केवल महाविद्यालय के भीतर सूचना संप्रेषण का सशक्त माध्यम बनेगा, बल्कि छात्र–छात्राओं की प्रतिभा को भी उजागर करेगा।

सुश्री गायत्री नेताम
ग्रंथालय प्रभारी
शासकीय महाविद्यालय, खेरथा



श्री रणजीत कुमार
अतिथि ग्रंथपाल
शासकीय महाविद्यालय, खेरथा



## अगस्त 2025

### पुर्नउन्मुखीकरण कार्यक्रम रिपोर्टः–

दिनांक 02/08/2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में प्राचार्य डॉ यासर कुरैशी के मार्गदर्शन से पुर्नउन्मुखीकरण का कार्यक्रम सहायक प्राध्यापक श्री रुम लाल द्वारा रखा गया, जिसमें महाविद्यालय के सभी स्टॉफ इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

इस कार्यक्रम के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में जानकारी दिया गया।







### इंडक्शन प्रोग्राम रिपोर्टः–

दिनांक 06/08/2025 से 07/08/2025 शासकीय महाविद्यालय खेरथा में इनडक्शन प्रोग्राम रखा गया। जिसमें दिनांक 06/08/2025 को बी. ए. प्रथम सेमेस्टर एवं दिनांक 07/08/2025 को बी. एस सी. और बी. कॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्र–छात्राएं को महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त विभागों के शिक्षकों द्वारा महाविद्यालय से समस्त जानकारी से अवगत कराया गया। एवं प्रेरणा दिया गया।

**पुस्तकालय दिवस (डॉ. एस. आर. रंगनाथन जयंती) रिपोर्टः—**

दिनांक 12/08/2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा के ग्रंथालय विभाग द्वारा डॉ एस आर रंगनाथन जयंती मनाया गया। इस दिन को पूरे भारत में पुस्तकालय दिवस के रुप में मनाया जाता है इस कार्यक्रम में रंगनाथन ने पुस्तकालय के लिए क्या योगदान दिये है इसके बारे में जानकारी दिया गया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं एवं राजनीति विभाग के अतिथि व्याख्याता श्री कोमल रावटें एवं डॉ रामकुमारी उपस्थित हुए।







**विश्व हाथी दिवस कार्यक्रम रिपोर्टः—**

दिनांक 12 अगस्त 2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा विश्व हाथी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. यासर कुरैशी ने हाथियों के संरक्षण, उनके पर्यावरणीय महत्व और घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु जागरूक रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में पोस्टर प्रदर्शन, व्याख्यान और चर्चा आयोजित की गई, जिसमें छात्र—छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

छात्रा का विचार/भाषणः—

भुनेश्वरी निषाद

**बीएससी 1st sem**

हाथी दादा हाथी दादा
टाँगें इतनी मोटी क्यों?
तुम हो कितने भारी—भरकम, आँखें इतनी छोटी क्यों?
पूँछ तुम्हारी नन्हीं सी है,
लंबी सूँड़ हिलाते हो,
दाँत तुम्हारे बाहर निकले खाना कैसे खाते हो?
हाथी दादा, हाथी दादा, गाना एक सुनाओ तुम,
मुझको अपनी पीठ चढ़ाकर थोड़ी सैर कराओ तुम।

यशिका नायक

**बीएससी 1st sem**

आज हम विश्व हाथी दिवस मना रहे हैं, जो हाथियों के संरक्षण और जागरूकता के लिए समर्पित है। हाथी न केवल बुद्धिमान और सामाजिक प्राणी हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी उनकी अहम भूमिका होती है। लेकिन अवैध शिकार, आवास की हानि और मानव हाथी संघर्ष इनके अस्तित्व को खतरे में डाल रहे हैं। आइए हम सभी हाथियों के संरक्षण का संकल्प लें।






**स्वतंत्रता दिवस आयोजन रिपोर्टः—**

दिनांक 15/08/2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्री विवेक वैष्णव और श्री हरिश कटझरे महाविद्यालय में उपस्थित हुए । एवं महाविद्यालय के छात्र एवं स्टॉफ उपसिथत हुए ।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद परिवार को श्री फल एव साल देकर भेंट किए।

**कैरियर काउंसलिंग और अवेयरनेस कार्यक्रम रिपोर्टः—**

दिनांक 22/08/2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में प्राचार्य डॉ यासर कुरैशी के मार्गदर्शन से कैरियर काउंसलिंग और अवेरनेस कार्यक्रम श्री मुकेश सिन्हा द्वारा रखा गया। जिसमें महाविद्यालय के समस्त छात्र—छात्राएं उपस्थित हुए। इस प्रोग्राम के माध्यम से व्यक्तियों को स्वयं को समझने, उपलब्ध कैरियर विकल्पों को जानने और अपने भविष्य के लिए सही शैक्षणिक और पेशेवर निर्णय लेने में मदद करने के लिए एक प्रक्रिया है।






**नशा मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान कार्यक्रम रिपोर्टः—**

दिनांक 22/08/2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में नशा मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्राचार्य डॉ यासर कुरैशी एवं अतिथियों ने नशे के दुष्प्रभावों पर व्याख्यान, पोस्टर और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। छात्रों, शिक्षकों और अतिथियों ने बढ़—चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को नशा मुक्त बनाना था। अंत में सभी ने नशा त्यागने की शपथ ली।

### अंतरविषयक कार्यक्रम रिपोर्टः–

दिनांक 29/08/2025 राजनीति विज्ञान विभाग, शासकीय महाविद्यालय खेरथा द्वारा अंतरविषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें व्याख्यान हेतु सुश्री गायत्री नेताम को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन श्री कोमल रावटे एवं डॉ. राम कुमारी द्वारा किया गया। उन्होंने राजनीति विज्ञान के समसामयिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। छात्र छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लेकर ज्ञानवर्धक चर्चा में हिस्सा लिया।





### यूजर अवेयरनेस प्रोग्राम ऑन एनडीएलआई और एनडीएलआई क्लब कार्यक्रम रिपोर्टः–

दिनांक 29/08/2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में ग्रंथालय विभाग द्वारा यूजर अवेयरनेस प्रोग्राम ऑन एनडीएलआई और एनडीएलआई क्लब कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि ग्रंथपाल श्री रणजीत कुमार ने राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय की उपयोगिता, विशेषताएँ एवं छात्रों के लिए इसके लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को प्लेटफॉर्म से जोड़कर डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना था। विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर एनडीएलआई क्लब से जुड़ने की प्रक्रिया और डिजिटल सामग्री के प्रभावी उपयोग के बारे में सीखा।

## सितम्बर 2025

### रजत जयंती वर्षः एल्युमिनी मीट रिपोर्ट

दिनांक 08 सितम्बर 2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा, जिला बालोद (छ.ग.) में एल्युमिनी वेल्फेयर एसोसिएशन की बैठक रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. यासर कुरैशी ने महाविद्यालय की सुविधाओं की जानकारी दी एवं पूर्व विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में एल्यूमिनी फंड, सदस्य संख्या वृद्धि, संसाधन जुटाने और रजत जयंती कार्यक्रमों में सहभागिता जैसे बिंदुओं पर चर्चा हुई। अंत में नोडल अधिकारी श्री प्रदीप कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया।





### रजत जयंती समारोह रिपोर्टः–

दिनांक 11/09/2025 शासकीय महाविद्यालय खेरथा में छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ @50 व विकसित छत्तीसगढ़ @2047 विषय पर संगोष्ठी हुई। प्राचार्य डॉ. यासर कुरैशी ने युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। राकेश यादव ने तकनीकी शिक्षा, डिजिटलाइजेशन, महिला सशक्तिकरण व पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

### रेड रिबन क्लब रिपोर्टः–

दिनांक 13/09/2025 शासकीय महाविद्यालय खेरथा में रेड रिबन क्लब का प्रथम कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रभारी प्रदीप कुमार ने छात्रों को क्लब के उद्देश्य जैसे एचआईवी–एड्स जागरूकता, रक्तदान व नशा उन्मूलन के प्रति प्रेरित किया। एनएनएस प्रभारी रुमलाल ने स्वस्थ आदतें अपनाने और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने पर बल दिया। छात्रों ने भी उत्सुकता से भाग लिया। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता बताई गई।






### अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस आयोजन रिपोर्टः–

दिनांक 15 सितम्बर 2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री रुमलाल जी उपस्थित रहे। उन्होंने लोकतंत्र की परिभाषा और महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लोकतंत्र की विशेषताएं, चुनौतियां व उपलब्धियां उजागर की गईं। कार्यक्रम का समापन राजनीति विज्ञान विभाग के अतिथि व्याख्याता श्री कोमल राम राउटे द्वारा किया गया।

## हिन्दी दिवस आयोजन रिपोर्टः–

शासकीय महाविद्यालय खेरथा में हिन्दी दिवस का आयोजन 14 सितम्बर 2025 को रविवार होने के कारण 15 सितम्बर 2025 को किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हिन्दी विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री रूमलाल अतिथि व्याख्याता श्री कोमल रावटे एवं डॉ. राम कुमारी उपस्थित रहे। छात्र–छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। वक्ताओं ने हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके प्रचार–प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया।










## रजत जयंती वर्षः स्वच्छता शपथ कार्यक्रम रिपोर्टः–

रजत जयंती समारोह के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय खेरथा द्वारा 17 सितम्बर 2025 को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक,अतिथि व्याख्याता कर्मचारी एवं समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने स्वच्छता बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र–छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं जिम्मेदारी का भाव विकसित करना था।

## रक्तदान शिविर रिपोर्टः–


दिनांक 17/09/2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा के छात्रों द्वारा जिला चिकित्सालय बालोद में रक्तदान किया गया। इस प्रयास से समाज में मानवता और सेवा भाव को बढ़ावा मिला। रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जरूरतमंदों के लिए अपना खून दान किया। महाविद्यालय प्रशासन ने इस प्रकार के सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया है। रक्तदान से जीवन रक्षक कार्य में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी दिखी।














## एनडीएलआई क्लब का वैश्विक कार्यक्रम का रिपोर्टः–

शासकीय महाविद्यालय खेरथा एनडीएलआई क्लब द्वारा 19 सितंबर 2025 को वैश्विक कार्यक्रम “THE DAWN OF QUANTUM AGE- From Bits to Qubits” आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री अभिजीत रॉय (प्रेक्सिस टेक स्कूल के अतिथि संकाय) ने क्वांटम कंप्यूटिंग की संभावनाओं, चुनौतियों और इसके विभिन्न क्षेत्रों – स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा, वित्त एवं एआई के प्रभाव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मेजबानी सुश्री मनाली चौधरी सेनगुप्ता ने की। यह आयोजन एनडीएलआई क्लब सेंट्रल टीम द्वारा किया गया और छात्रों व संकाय को यूट्यूब लिंक व एनडीएलआई क्लब पोर्टल के माध्यम से शामिल होने का अवसर मिला।

## रजत जयंती वर्षः पुस्तक मेला का रिपोर्टः–

छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय खेरथा में प्राचार्य डॉ. यासर कुरैशी के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी श्री प्रदीप कुमार के निर्देशन से 20 सितम्बर को पुस्तक मेला का आयोजन हुआ। पुस्तकालय विभाग द्वारा आयोजित इस मेला में विद्यार्थियों, स्टॉफ और पुस्तक प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न प्रकाशकों व विक्रेताओं की शैक्षणिक, साहित्यिक व प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों का प्रदर्शन हुआ। अतिथि ग्रंथपाल श्री रणजीत कुमार व प्रभारी सुश्री गायत्री नेताम ने उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन संस्कृति बढ़ाना बताया।






## सेवा पखवाड़ा मैराथन दौड़ प्रतियोगिता

NSS के अंतर्गत दिनांक 22 सितम्बर 2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में सहायक प्राध्यापक श्री रुम लाल के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वस्थ जीवन, पर्यावरण जागरूकता तथा राष्ट्र सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

